हरिभूमि

झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

11 महापुरुषों के नाम पर बने चौक-चौराहों पर फैला कूड़ा



12 गांधी जयंती पर एमडीएस स्कूल में कराई स्वास्थ्य जांच



खबर संक्षेप

अवैध पीवीसी मार्केट और प्लास्टिक कचरे की डंपिंग पर रोक

बहादुरगढ़। जिलाधीश वर्षा खांगवाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए बहादुरगढ़ क्षेत्र में अवैध तरीके से प्लास्टिक कचरे की डंपिंग व अनलोडिंग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। जारी आदेश के अनुसार, बहादुरगढ़ में अवैध पीवीसी बाजार के चलते प्लास्टिक कचरा अनधिकृत रूप से सार्वजनिक स्थानों व भूमि पर डंपिंग करने से वायु और जल प्रदूषण की स्थिति उत्पन्न हो रही है। यह आदेश 2 दिसंबर 2026 तक प्रभावी रहेंगे। इन आदेशों के अनुपालन की जिम्मेदारी पुलिस विभाग, आरटीए, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़ के कार्यकारी अधिकारी तथा संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को सौंपी गई है। आदेश के उल्लंघन पर संबंधित व्यक्ति या संस्था के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सेवा संकल्प अभियान में बेरी ब्लॉक में कैंप आज

झज्जर। जिलाभर में सेवा संकल्प अभियान के तहत आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ उनके नजदीक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में सेवा सेतु कैंप लगाए जा रहे हैं। जिप मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीष फौगाट ने बताया कि शनिवार को बेरी ब्लॉक परिसर, पांच अक्टूबर को गांव दुबलधन, छह अक्टूबर को बादली व मातनहेल ब्लॉक मुख्यालय, सात अक्टूबर को गांव बुपनिया तथा आठ अक्टूबर को गांव गुभाना, नौ अक्टूबर को गांव खानपुर खुर्द व गांव पाटोदा, दस अक्टूबर को गांव बिरोहड़, 12 अक्टूबर को माछरौली ब्लॉक मुख्यालय व गांव ढाकला, 13 अक्टूबर को गांव खुड्डन, 14 अक्टूबर को साल्हावास ब्लॉक मुख्यालय तथा 15 अक्टूबर को गांव भूरावास में सेवा सेतु कैंप आयोजित किए जाएंगे।

पराली जलाने पर एफआईआर होगी

झज्जर। डीसी वर्षा खांगवाल ने कहा कि प्रतिबंध के बावजूद खेतों में पराली अथवा फसल अवशेष जलाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फील्ड मॉनिटरिंग के साथ-साथ तकनीकी माध्यमों से निगरानी बढ़ाने तथा पराली जलाने की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि खेत में पराली जलाने की पुष्टि होने पर संबंधित खेत मालिक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नियमों के तहत जुर्माना या पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाने के साथ ही सत्यापित मामलों में राजस्व रिकॉर्ड में रेड एंट्री दर्ज करने का प्रावधान है। इसके अलावा एफआईआर एवं चालान की कार्रवाई भी की जाएगी।

एनसीआर में प्रदूषण के स्तर के अनुसार लगेंगी बंदिशें

- बिना वैलिड पॉल्यूशन सर्टिफिकेट वाले वाहनों को फ्यूल नहीं दिया जाएगा

दीपावली से पहले वायु प्रदूषण को कम रखने के लिए केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की पहल

हवा बिगड़ने का नहीं करेंगे इंतजार, 1 अक्टूबर से ही ग्रैप लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

दीपावली से पहले वायु प्रदूषण को कम रखने के लिए केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग उपाय लागू करना शुरू कर दिया है। एक अक्टूबर से संशोधित ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के नियम लागू हो गए हैं। इसका मतलब है कि प्रदूषण का स्तर बढ़ने से पहले भी अब पाबंदियां लगाई जाएंगी। लेकिन इसके लिए सीएक्यूएम द्वारा ही समय-समय पर आदेश जारी किए जाएंगे।

बता दें कि ग्रेडेड एक्शन प्लान को हवा की क्वालिटी को खराब होने से रोकने के लिए लागू किया जाता है। एक्यूआई जब 201 से 300 के बीच होगा तो ग्रैप-1 लागू होगा। एक्यूआई 301 से 400 के बीच पर ग्रैप-2, 401 से 500 के बीच पहुंचने पर ग्रैप-3 और एक्यूआई 450 से ज्यादा होने पर ग्रैप-4 लागू किया जाता है।



बहादुरगढ़। दिल्ली में स्थित केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का मुख्यालय।

दिल्ली आने वाली बसों पर भी सख्ती

अब ग्रैप-1 लागू होते ही हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और आसपास के राज्यों से दिल्ली व एनसीआर आने वाली बसों में केवल इलेक्ट्रिक, सीएनजी और बीएस-6 डीजल श्रेणी की बसों को प्रवेश की अनुमति होगी। पहले यह प्रतिबंध ग्रैप-2 से लागू होता था। ग्रैप-1 से ही डीजल जनरेटर सेट से जुड़े नियमों के उल्लंघन पर दोगुना जुर्माना लगाने का प्रविधान किया गया है। पहले दोगुना जुर्माना ग्रैप-2 में लगता था।

हालांकि सितंबर महीने में दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता ठीक-ठाक रही थी। लेकिन अक्टूबर में ठंड की आहट के साथ ही हवा की सेहत भी खराब होने की आशंका बढ़ रही है। ऐसे में सीएक्यूएम की बैठक में इन बदलावों को मंजूरी दी गई है। नवंबर-2025 के बाद पहली बार ग्रैप के ढांचे में इस तरह के व्यापक संशोधन किए गए हैं। अब ग्रैप के तहत कुल 55 प्रावधान और 34 सिटीजन चार्टर रहेंगे। दरअसल, ग्रैप के संशोधित नियमों के तहत अधिकारियों को पाबंदियां लगाने के लिए प्रदूषण का स्तर बिगड़ने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पूर्वानुमान के आधार पर नियमों में बदलाव भी किया जा सकता है। ग्रैप के उपाय एक अक्टूबर से अलग-अलग चरणों में लागू किए जाएंगे। एक अक्टूबर से दिल्ली-एनसीआर में बिना वैलिड पॉल्यूशन सर्टिफिकेट वाले वाहनों को फ्यूल नहीं दिया जाएगा। हर वाहन का पॉल्यूशन सर्टिफिकेट चेक किया जाएगा। लोगों को समय-समय पर नियमों की जानकारी दी जाएगी। अब तक ग्रैप-3 में आवश्यक वस्तुएं ले जाने वाले कुछ बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल हल्के मालवाहक वाहनों को तथा ग्रैप-4 में कुछ पुराने ट्रकों को छूट दे दी जाती थी। संशोधित प्रावधान में यह छूट समाप्त कर दी गई है। यानी ईंधन मानक पूरा नहीं करने वाले वाहन सिर्फ जरूरी सामान ले जाने के आधार पर प्रतिबंध से बाहर नहीं रहेंगे। अंतरराज्यीय बसों के लिए भी नियम कड़े किए गए हैं।

झज्जर अनाजमंडी में बाजरा खरीद पर छिड़ा विवाद

किसान का गेट पास न काटे जाने पर धरने पर बैठे सिलाना

- पूर्व प्रधान का आरोप-करीब 35 हजार क्विंटल बाजरा आ चुका मंडी में, लेकिन 10 हजार क्विंटल के ही गेट पास जारी हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

बाजरा खरीद के दौरान किसान के गेट पास न काटे जाने से नाराज मंडी के पूर्व प्रधान हरेंद्र सिलाना ने शुक्रवार को धरना शुरू कर भूख हड़ताल की। उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और हठधर्मिता का आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होता उनकी भूख हड़ताल जारी रहेगी।

उन्होंने बताया कि मंडी में करीब 30 से 35 हजार क्विंटल बाजरा पहुंच चुका है, जबकि अब तक करीब 10 हजार क्विंटल बाजरे के ही गेट पास काटे गए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण किसानों को सरकार की भावांतर भरपाई योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान पर एक किसान अपनी पिकअप गाड़ी में फसल लेकर मंडी पहुंचा था। उसका गेट पास नहीं बनाया गया तो वह किसान मंडी के तीनों गेटों पर गया लेकिन उसका गेट पास नहीं कट पाया।

हरेंद्र सिलाना के अनुसार जब किसान ने उन्हें अपनी समस्या से अवगत कराया तो वे इस संबंध में मार्केट कमेटी सचिव से मिले। लेकिन उक्त अधिकारी ने बदसलूकी करते हुए उनकी दुकान के किसी भी किसान का गेट पास न काटे जाने की बात कही।

हरेंद्र सिलाना ने कहा कि वे नियमों के अनुसार अपना काम कर रहे हैं। जितने गेट पास काटे गए उतनी ही फसल उनकी दुकान पर है। इसके बावजूद उनकी दुकान पर आने वाले किसानों के गेट पास न काटे जाने से उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। यदि समय रहते उनकी मांग का समाधान नहीं हुआ तो वे इस संबंध में अदालत का दरवाजा भी खटखटाएंगे।



झज्जर। बाजरा की ढेरी दिखाते हुए धरने पर बैठे पूर्व प्रधान हरेंद्र सिलाना।

एक ही वाहन के कटवाए दो गेटों पर गेट पास : सचिव

मार्केट कमेटी सचिव कुलदीप जाखड़ ने बताया कि हरेंद्र ट्रेडिंग कंपनी का मार्केट कमेटी में लाइसेंस है। दुकान से जुड़े किसान द्वारा अपने वाहन के जरिए पहले एक नंबर गेट से गेट पास जारी कराया गया। इसी के करीब पांच से दस मिनट के अंतराल में उसी वाहन से फिर से अन्य गेट से गेट पास जारी कराया गया। ऐसे में सवाल यह उठता है कि इतनी समयावधि में एक वाहन से इतनी फसल कैसे उतारी व लोड की जा सकती है। उन्होंने बताया जब आढ़ती के संज्ञान में यह मामला आया तो भी उन्होंने गेट पास को रद्द नहीं कराया। इसके बाद संबंधित आढ़ती को स्थिति स्पष्ट करने के संबंध में नोटिस जारी किया गया है। इस आढ़ती से संबंधित अन्य कोई किसान यदि फसल लेकर मंडी पहुंचता है तो उसके गेट पास जारी किए जाएंगे।

फर्जी तरीके से लीज तैयार कराने पर पिता व पुत्र पर केस दर्ज

बहादुरगढ़। शिवा मार्केट में दुकान की लीज को लेकर चल रहे विवाद में अब एफआईआर दर्ज हुई है। शिकायतकर्ता द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को शिकायत देने पर सिटी थाना पुलिस की ओर से यह कार्रवाई की गई है। एफआईआर में खेड़का गुर्जर निवासी पिता-पुत्र नामजद किए हैं। पुलिस को दी शिकायत में धर्मपुरा निवासी पवन का कहना है कि शिवा मार्केट में मेरे पास 30 साल से दुकान है। यह वक्फ बोर्ड की संपत्ति है। तबीयत ठीक न रहने के कारण 2020 में मैंने दुकान अस्थाई रूप से खेड़का गुर्ज्जर के चंद्रशेखर को किराये पर दी थी। बाद में मुझे जानकारी मिली कि चंद्रशेखर व उसके बेटे विनय ने मेरे हस्ताक्षरों की नकल कर जाली दस्तावेजों के जरिये लीज अपने पक्ष में कराने की कोशिश की है। मेरे वास्तविक हस्ताक्षरों, पुराने दस्तावेजों का दुरुपोग किया गया। इसमें बोर्ड के अधिकारियों की भी मिलीभगत हो सकती है। मामले में एफआईआर दर्ज कर किसी वरिष्ठ अधिकारी से जांच कराई जाए। दुरुपयोग में लाए गए मेरे कथित हस्ताक्षरों और दस्तावेजों की जांच कराई जाए। यदि मामले में किसी अधिकारी या कर्मचारी की मिलीभगत है तो कार्रवाई की जाए। उधर, पुलिस ने इस शिकायत के आधार पर बीएनएस 61 (2), 318(4) व 3 (5) के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।



झज्जर। नारियल फोड़कर नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी व अन्य गणमान्य लोग।

98 लाख रुपये से बनेगा गुरुद्वारा चौक से कोसली चौक तक नाला

- नप चेयरमैन ने किया निर्माण कार्य का शुभारंभ, निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण काम पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शुक्रवार को शहर के छावनी मोहल्ला क्षेत्र में गुरुद्वारा चौक से कोसली चौक तक नाला निर्माण कार्य का नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने नारियल तोड़ कर शुभारंभ किया। करीब 98 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नाले का निर्माण कार्य पूरा होने पर लोगों को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। इस दौरान नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने अधिकारियों और ठेकेदार को कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाला निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। नाले का निर्माण निर्धारित मापदंडों के अनुरूप किया जाए ताकि लंबे समय तक लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस दौरान ईओ देवेंद्र कुमार, जेई मनोज कुमार, पार्षद नरेश कुमार, पार्षद जयपाल सिंह बांगड़, पार्षद किशोर सैनी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

अनियंत्रित वाहन ने तोड़े दर्जनभर से अधिक खंभे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

सेक्टर 9ए बाईपास पर किसी अनियंत्रित वाहन ने बिजली के काफी खंभे गिरा दिए और तार तोड़ दी। इससे इलाके में बिजली आपूर्ति तो प्रभावित हुई व बिजली निगम को भी करीब 5 लाख रुपये की हानि हुई है। बिजली निगम के अधिकारियों की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में एसडीई मनीता का कहना है कि सूचना मिली थी कि सेक्टर 9ए फीडर ब्रेकडाउन हो गया। इसके बाद झाड़ोदा बॉर्डर की साइड का स्विच काटकर फीडर चालू कर दिया गया। फाल्ट जानने के लिए पेट्रोलिंग टीम ने गश्त की। इस दौरान सैनिक स्कूल व एसटीपी के पास काफी पोल टूटे हुए पाए गए। मौके पर जांच करने पर 11 केवी फीडर सेक्टर 9ए एसटीपी प्लांट मुंगेशपुर ड्रेन एचटी लाइन के 13 पोल टूटे हुए मिले। साथ ही 11 केवीए फीडर सेक्टर 9ए के 63केवीए एचटी व एचपोल टूटे हुए थे। इसके अलावा काफी केबल भी क्षतिग्रस्त हालत में थी। किसी अनियंत्रित वाहन की लापरवाही के चलते यह नुकसान हुआ है। इससे बिजली निगम को 5 लाख रुपये की हानि हुई है। वहीं मरम्मत कार्य में भी कर्मचारियों को मशक्कत करनी पड़ रही है। उधर, सिटी पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

एमआईआई की फैक्ट्री से सामान चोरी

बहादुरगढ़। आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर ताले तोड़कर फैक्ट्री में घुसे और बिजली के काफी उपकरणों पर हाथ साफ कर गए। इस संबंध में फैक्ट्री मालिक की ओर से पुलिस को शिकायत दे दी गई है। दिल्ली के पंजाबी बाग में रहने वाले आशीष कोहली का कहना है कि एमआईई पार्ट ए में उनकी फैक्ट्री है। देर रात को फैक्ट्री में चोरी की वारदात हो गई। बुधवार को जब फैक्ट्री में आए तो वारदात का पता चला। बाहर गेट पर लगे ताले टूटे हुए थे और अंदर सारा सामान अस्त व्यस्त था। जांच करने पर 2 एंपेयर मीटर के दस पीस, चार एंपेयर के 12 पीस, वायर केबल के 4 कोर, पीवीसी के बंडल, एमसीबी के 4 पीस नहीं मिले। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

फोन हैक कर दो बुजुर्गों के खातों से निकाले लाखों रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के निवासी दो बुजुर्गों के मोबाइल हैक कर खातों से लाखों रुपये की नकदी साफ कर दी गई। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात ओमप्रकाश के साथ हुई है। ओमप्रकाश का कहना है कि उन्होंने उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में 85 हजार रुपये की एफडी कराई थी। गत 21 अप्रैल को बैंक में गया और चेक के माध्यम से 15 हजार रुपये निकलवाए। थोड़ी देर बाद व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया। जिसमें एफडी अमाउंट बैंक खाते में ट्रांसफर होने का जिक्र था। फिर एक लिंक आया तो मैंने उस पर क्लिक कर दिया। मैंने कॉल करके पूछा कि एफडी का समय पूरा हो गया है क्या? तो बताया गया कि चेक करके बताते हैं लेकिन जवाब नहीं आया। कुछ देर बाद मेरे खाते से एक लाख 73 हजार रुपये कट गए। इसके बाद आभास हुआ कि व्हाट्सएप पर जो लिंक में एपीके फाइल आई, उसके जरिये ही मेरा मोबाइल हैक कर खाते में सेंध लगाई गई। उधर, शहर निवासी उमेद सिंह के खाते से एक लाख 75 हजार 661 रुपये की निकासी हुई। जब वह बैंक में गए तो उन्हें वारदात का पता चला। इसके बाद ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। अब साइबर थाने में केस दर्ज हो पाया है। पुलिस दोनों मामलों में जांच कर रही है।

कॉल पर बात करते-करते क्रेडिट कार्ड से कटे रुपये

बहादुरगढ़। सेक्टर-2 निवासी एक युवक के साथ साइबर ठगी की वारदात हो गई। उनके पास एक बैंक से कॉल आई। कॉल पर बात करते-करते ही क्रेडिट कार्ड से रुपये कट गए। शिकायतकर्ता संजीव का कहना है कि उनके पास आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड है। गत 29 सितंबर को उनके पास कथित तौर पर बैंक के नाम से कॉल आई। कॉलर ने खुद को बैंक कर्मी बताया। कॉल पर बात करते-करते क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 19 हजार 619 रुपये कटने का मैसेज प्राप्त हुआ। कुछ ही देर में बैंक से वही ट्रांजेक्शन का मैसेज प्राप्त हुआ। इसके बाद ठगी का आभास हुआ और फिर उन्होंने अपना क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कराकर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। उधर, सेक्टर 2 के निवासी अजय कुमार के क्रेडिट कार्ड से भी 1 लाख 20 हजार 900 रुपये निकल गए। साइबर थाना पुलिस झज्जर ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मुनाफा कमाने का लोभ देकर एक लाख रुपये हड़पे

बहादुरगढ़। शेयर मार्केट में मुनाफा कमाने का हवाला देकर शातिर ठग ने बहादुरगढ़ के एक युवक को एक लाख रुपये की चपत लगा दी। रुपये लेने के बाद मोबाइल बंद किया तो पीड़ित को वारदात का आभास हुआ। फिर उसने पुलिस को शिकायत दी। पीड़ित विशाल का कहना है कि करीब 2 महीने पहले उनके पास अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद की पहचान अमीक निवासी मुंबई बताई और कहा कि वह ऑनलाइन शेयर खरीदने बेचने का काम करता है। उसने मुझ से यूएसडीटी खरीदने तथा गोल्ड व अलग अलग कंपनियों के शेयर खरीदकर घर बैठे रुपये कमाने का प्रलोभन दिया। गत 23 अगस्त को शातिर ने एक लाख की यूएसडीटी लेकर शेयर मार्केट में लगाने की बात कही। मुझ से एक लाख रुपये मंगवा लिए। जैसे ही रुपये भेजे तो आरोपी ने अपना फोन बंद कर लिया।

परंपरा संस्कारम विश्वविद्यालय में मनाया नाइजीरिया का 66वां स्वतंत्रता दिवस

नाइजीरियन छात्रों ने बताई अपनी आजादी की कहानी

- विश्वविद्यालय विभिन्न देशों और संस्कृतियों से आने वाले विद्यार्थियों को साझा मंच प्रदान करता है : डॉ. दिव्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

संस्कारम विश्वविद्यालय में नाइजीरिया के 66वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल अफेयर्स विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नाइजीरियाई विद्यार्थियों ने अपनी संस्कृति, परंपराओं, इतिहास और राष्ट्रीय गौरव को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत नाइजीरिया के राष्ट्रगान के साथ हुई। विद्यार्थियों ने विशेष प्रस्तुतियों के माध्यम से देश के इतिहास, राष्ट्रीय ध्वज, सांस्कृतिक विविधता और स्वतंत्रता प्राप्ति की यात्रा से उपस्थित लोगों को परिचित कराया। तराबा राज्य के विद्यार्थियों ने पारंपरिक जुकुन नृत्य तथा प्लेटो राज्य के विद्यार्थियों ने अफ्रोबीट नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन किया।



झज्जर। अफ्रोबीट नृत्य की प्रस्तुति देते हुए नाइजीरियन विद्यार्थी।

कार्यक्रम में जहां इब्राहिम सादिक ने विशेष भाषण दिया, वहीं मुंकैला इदरीस ने नाइजीरिया के इतिहास और स्वतंत्रता की यात्रा पर प्रस्तुति दी। सिलास क्वापडेबिट्रस ने नाइजीरिया को समर्पित कविता और चोंग नेराट जोशुआ ने अनबाउंड कविता का पाठ किया। विश्वविद्यालय की अकादमिक डीन डॉक्टर दिव्या त्यागी ने कहा कि विश्वविद्यालय विभिन्न देशों और संस्कृतियों से आने वाले विद्यार्थियों को साझा मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन आपसी सम्मान, भाईचारे और वैश्विक दृष्टिकोण को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल, साकिना अजह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

पाखंड का विरोध करने की शपथ ली

- आत्मशुद्धि आश्रम में पाखंड खंडन सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के आत्मशुद्धि आश्रम में वेद प्रचार मंडल हरयाणा की जिला झज्जर इकाई की ओर से शुक्रवार को पाखंड खंडन सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा वेद प्रचार मंडल के प्रदेश के अधिष्ठाता स्वामी सच्चिदानंद ने की। मुख्य वक्ता के रूप में सभा मंत्री विजयपाल आर्य उपस्थित रहे।

आत्मशुद्धि आश्रम बहादुरगढ़ के अधिष्ठाता आचार्य विक्रम देव, राजपाल आर्य, ब्रह्मजीत आर्य, व्रतपाल राठी आदि ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे। सम्मेलन में भजनोपदेशक कुलदीप भास्कर, आचार्य भगवान दास, कन्या गुरुकुल लोवा कलां से आचार्या मूर्ति, ब्रह्मचारिणी अनु आर्या व प्रतिभा आर्या ने अपनी टीम के साथ पाखंड के विरुद्ध अनेक भजन व सांस्कृतिक आयोजन प्रस्तुत किए।



बहादुरगढ़। सम्मेलन के दौरान मंचासीन आर्य समाजी। फोटो : हरिभूमि

आर्य प्रतिनिधि सभा जिला झज्जर वेद प्रचार मंडल के अध्यक्ष आर्य हरिओउम दलाल ने बताया कि समारोह में आर्य समाजियों ने प्रदेश में लगातार बढ़ रहे पाखंड व आडंबरों का हर स्तर पर विरोध करने और उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। सम्मेलन में कई गांवों से आए आर्य समाजी उपस्थित रहे।



हनुमान अंश के बाद टीवी पर आएगी नीम करोरी बाबा की कहानी

नई दिल्ली। शोभिनव सत्या स्टारर फिल्म हनुमान अंश साल 2026 में बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सरप्राइज बनकर उभरी। डिवोशनल ड्रामा फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। नीम करोरी बाबा की जिंदगी पर बनी फिल्म ने लाखों लोगों के दिलों को छुआ। अब बड़े पर्दे के बाद छोटे परदे पर भी फैंस को नीम करोरी बाबा के चमत्कार देखने को मिलेंगे, क्योंकि अब महान संत की जिंदगी पर एक चैनल सीरियल लेकर आ रहा है। विशाल चतुर्वेदी के बाद नीम करोरी बाबा की जिंदगी, उनके कार्य और उनके चमत्कार की कहानी को विस्तार से दिखाने की जिम्मेदारी जिस चैनल ने अपने कंधे पर उठाई है, वह कोई और नहीं, बल्कि सोनी टेलीविजन है। महान संत नीम करोरी बाबा पर बन रहे सीरियल की एक छोटी सी झलक सोनी टीवी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी शेयर की है।

लाइफ Style

आशा

मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का जीता खिताब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लखनऊ में मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का फिनाले आयोजित किया गया था। इसमें आशा दीपिका अट्टालुरी ने खिताब अपने नाम किया। यह खिताब जीतने के बाद वह हैदराबाद के शमशाबाद एयरपोर्ट पहुंचीं और वहां उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की।

आशा दीपिका ने कहा, 'भारत ने यूनिटी पेजेंट जीता है, जिसका मतलब है कि मैं जीती, पूरा देश जीता। अब मैं मिसेज वर्ल्ड हूं और मैं पूरे देश, पूरी दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं। मुझे तेलंगाना पर बहुत गर्व है, क्योंकि मैं तेलंगाना में ही पली-बढ़ी हूं। मैं एक तेलुगु लड़की हूं, इसलिए मैं बहुत खुश हूं कि मैं यह लाल ताज वापस ला पाई।' आशा दीपिका ने आगे कहा, 'इस ताज को बनाने में छह महीने लगे, यह रूस में बना है और हाथ से बनाया गया ताज है। मैं अभी गर्व के साथ भारत और दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं।' आशा दीपिका का उनके परिवार वालों और प्रशंसकों ने स्वागत किया। इससे पहले अपनी पोस्ट में आशा दीपिका ने खिताब जीतने का जश्न मनाते हुए लिखा, 'हां दुनिया, हमने इतिहास रच दिया। ताज का सपना देखने से लेकर आखिरकार उसे पहनने तक... यह पल एक खूबसूरत याद दिलाता है कि देर रात तक जागना, हर रिहर्सल, हर चुनौती और हर छोटे कदम की मेहनत रंग लाई। सपनों, मकसद, कड़ी मेहनत और अनगिनत यादों से भरा यह सफर आखिरकार इस यादगार पल तक पहुंचा है- मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026।' 38 साल की आशा एक विजनरी, उद्यमी, टेक्नोलॉजिस्ट और समाजसेवी हैं। उनका जन्म आंध्र प्रदेश में हुआ और उनकी परवरिश हैदराबाद, तेलंगाना में हुई। फिलहाल वह अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में रहती हैं।



हॉलीवुड मसाला



एंजेलिना की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजिल्स। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी जहरा ने ऑफिशियली अपने सरनेम से 'पिट' शब्द हटा लिया है। अब से वह 'जहरा मार्ले जोली' के नाम से जानी जाएंगी। नाम में यह बदलाव एक कैलिफोर्निया जज द्वारा अप्रूव किया गया। बताया जा रहा है कि उनके नाम में यह बदलाव बिना किसी आपत्ति के हुआ है। जहरा ने 9 जून को अपने नाम से 'पिट' हटाने की मांग की थी। इसी बीच, उनके बड़े भाई मैडॉक्स ने भी ऐसी ही याचिका दायर की थी। जहरा ने पहले ही पब्लिकली 'जहरा मार्ले जोली' नाम का इस्तेमाल किया था। मई में, अटलांटा में स्पेलमैन कॉलेज से ग्रैजुएशन सेरिमनी में उनका नाम 'पिट' के बिना घोषित किया गया था। इसी तरह, उन्होंने नवंबर 2023 में अल्फा कप्पा अल्फा सोरोरिटी में शामिल होने के दौरान भी इसी नाम से अपना परिचय दिया था।



एवेंजर्स एंडगेम एनकोर का बॉक्स ऑफिस पर चला सिक्का

नई दिल्ली। 4600 करोड़ बजट और 23 सुपरहीरो वाली एवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को रिलीज हो रही है। उससे पहले 38 सुपरहीरो वाली मूवी एवेंजर्स एंडगेम को एवेंजर्स एंडगेम एनकोर नाम से रीरिलीज किया गया है। इसका सिक्का इंडियन बॉक्स ऑफिस पर चल गया है। 4600 करोड़ और 23 सुपरहीरो की फिल्म एवेंजर्स डूम्सडे से पहले मार्वल स्टूडियोज की रिकॉर्ड तोड़ फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' का स्पेशल वर्जन एवेंजर्स एंडगेम एनकोर रिलीज किया गया है। सैकनिल्क के लाइव आंकड़ों के मुताबिक, सातवें दिन फिल्म भारत में 443 शो पर चल रही है और दिन का नेट कलेक्शन अभी तक 0.18 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। इससे फिल्म का कुल इंडिया नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 29.53 करोड़ रुपए और इंडिया ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 35.28 करोड़ रुपए पहुंच गया है। बता दें कि एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में 38 सुपरहीरो हैं। 25 सितंबर को रिलीज हुई इस एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में दिसंबर में आने वाली एवेंजर्स डूम्सडे की एक्सक्लूसिव झलक भी शामिल है।



रूपा का पोस्टर जारी, रोमांटिक अंदाज में दिखीं कोमल

मुंबई। अभिनेता गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार आगामी फिल्म 'रूपा' में साथ नजर आएंगे। फिल्म से इतर दोनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी लगातार चर्चा में हैं। एक-दूसरे के साथ इनका नाम जोड़ा जा रहा है और डेटिंग की रूमर्स चल रही हैं। इस बीच इनकी आगामी फिल्म का पोस्टर सामने आया है। दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार की फिल्म 'रूपा' का पोस्टर जारी किया गया है। कोमल रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म की झलक शेयर की है। इसमें गोविंदा और कोमल एक-दूजे की बाहों में खोए नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ कोमल ने कैप्शन लिखा है, 'रूपा'। इस फिल्म को लिखा गोविंदा ने, साथ ही निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। लीड रोल में वे और कोमल हैं। इसके अलावा कोमल रानी ने एक और फोटो भी साझा की है। इसमें वे और गोविंदा रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं।



ऑपरेशन गंगा में मोहनलाल के साथ शेयर करेंगे स्क्रीन

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल अब साउथ सुपरस्टार मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। मोहनलाल अभिनीत फिल्म फिल्म 'ऑपरेशन गंगा' का निर्देशन विष्णु मोहन ने किया है। फिल्म में मोहनलाल के अलावा बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल, आदिल हुसैन और भाग्यश्री भोरसे नजर आएंगी। अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है। अर्जुन रामपाल ने हाल ही में मोहनलाल के साथ अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसके बाद फैंस की ओर से काफी मजेदार रिएक्शन सामने आए हैं। अर्जुन द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में दोनों कलाकार काफी खुश नजर आ रहे हैं। अर्जुन ने कैप्शन में लिखा कि मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करना उनके लिए बेहद सम्मान की बात है। उन्होंने मोहनलाल को बेहद प्रतिभाशाली और प्रेरणादायक कलाकार बताया। अर्जुन ने यह भी बताया कि दोनों फिल्म की शूटिंग के लिए जॉर्जिया के त्बिलिसी में हैं।

टीवी मसाला



तेज प्रताप की गोद में बैठकर सारा ने किया डांस

नई दिल्ली। 'राइज एंड फॉल 2' इस वक्त चर्चा में है। वजह है शो में होने वाली लड़ाई और ड्रामा। इसी बीच एक वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें सारा गुरपाल ने तेजू भैया की गोद में बैठकर डांस किया। रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' का सीजन 2 शुरुआत से ही जबरदस्त चर्चा में बना हुआ है। शो में पेंटहाउस और बेसमेंट के खिलाड़ियों के बीच तगड़ा मुकाबला चल रहा है। टास्क के बाद हुई बहस में इस हफ्ते के अल्टीमेट रूलर बने तेज प्रताप यादव का गुस्सा भी देखने को मिला। जहां उन्होंने मनीष कश्यप को जमकर खरी-खोटी सुनाई थी। तनातनी के बीच शो का एक नया और मजेदार प्रोमो सामने आया है। जब तेज प्रताप यादव के सामने बेसमेंट के कंटेस्टेंट्स ने परफॉर्मेंस दी, तो माहौल एकदम मजेदार हो गया. शो के नए मोड़ के तहत बेसमेंट में रह रहे वर्कर्स को पेंटहाउस में प्रमोट होने के लिए ऑडिशन देना था। जहां उन्हें अल्टीमेट रूलर तेज प्रताप यादव के सामने परफॉर्म करना था। अनाउंसमेंट हुई कि तेज प्रताप को जिसका परफॉर्मेंस सबसे ज्यादा पसंद आएगा, उसे ही पेंटहाउस में जाने का मौका मिलेगा। इस दौरान सारा गुरपाल ने डांस करते करते कुछ ऐसा कर दिया कि स्वरा भास्कर हैरान रह गईं। ऑडिशन के दौरान पंजाबी एक्ट्रेस और सिंगर सारा गुरपाल ने बॉलीवुड गाने पर धमाकेदार डांस करना शुरू कर दिया। हालांकि, डांस करते-करते सारा अचानक तेज प्रताप यादव की गोद में बैठ गईं। और उनके लिए रोमांटिक अंदाज में परफॉर्म करने लगीं। डांस के दौरान सारा ने मुस्कुराते हुए तेज प्रताप को 'क्यूटी' भी कहा।

बिग बी की 'मृत्युदाता' को कंटेस्टेंट ने बताया बोर


नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति शो को होस्ट कर रहे हैं। शो में बिग बी को काफी पसंद किया जाता है। इतना ही नहीं, इस शो के दौरान बिग बी कंटेस्टेंट्स से और खुद अपनी पर्सनल लाइफ के किस्से भी शेयर करते हैं। अब हाल ही में एक ऐसा कंटेस्टेंट आया जिसने बिग बी के सामने बोल दिया कि वह उनकी फिल्म मृत्युदाता को देखकर सो गए थे। दरअसल, एक कंटेस्टेंट आईं जयपुर से जिसका नाम है अलमस खान। वह बिग बी से अपने बचपन की यादें शेयर करते हैं। वह बताती हैं कि वह बड़ी मूवी बलफ हूं और फिर उन्होंने बिग बी की 1997 की फिल्म मृत्युदाता से जुड़ा एक किस्सा बताया। अलमस ने कहा कि वह उस समय यंग थीं और कजिन के साथ मूवी देखने गई थीं। हालांकि, फिर अलमस बताती हैं कि वह फिल्म देखकर सो गई थीं। अलमस ने बिग बी से कहा, 'फिल्म तो मेरे समझ आई नहीं इतना। लेकिन, जगह इतनी खूबसूरत थी और ए सी लगा था कि मैं सो गई।



एशियन एकेडमी अवॉर्ड्स में 'सूबेदार' का जलवा

अनिल को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में मिला नॉमिनेशन

मुंबई। अनिल कपूर स्टारर फिल्म 'सूबेदार' इसी साल मार्च में रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में जलवा देखने को मिला है। सुरेश त्रिवेणी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सूबेदार' 5 मार्च, 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। अब इस फिल्म ने एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में भारत के लिए बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता। सिर्फ इतना ही नहीं, फिल्म में अपनी भूमिका के लिए अभिनेता अनिल कपूर को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में नॉमिनेट भी किया गया है। बता दें कि एक्शन-ड्रामा फिल्म में अनिल कपूर ने रिटायर्ड सैनिक 'सूबेदार' अर्जुन मौर्य का किरदार निभाया था। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अवॉर्ड्स की ऑफिशियल ब्रॉडकास्ट की एक तस्वीर शेयर की और इसे अपने करियर का एक खास पल बताया। पोस्ट शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा, 'मेरी जर्नी का एक बहुत खास पल। 'सुबेदार' के लिए एशियन




एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल के लिए नॉमिनेट होना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे खुशी हो रही है। पूरी टीम और फिल्म को सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का आभारी हूं।' इसके साथ ही पोस्ट में अभिनेता ने डायरेक्टर को बधाई देते हुए लिखा, 'सुरेश यह मेरे लिए और भी अधिक मायने रखता है, क्योंकि हमने इसे बनाते समय एक साथ सफर तय किया है।'

लिटिल थॉमस का ट्रेलर रिलीज, हास्य से भरपूर ड्रामा की दिखी झलक

मुंबई। रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया की फिल्म 'लिटिल थॉमस' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म 1990 के दशक के गोवा के बैकग्राउंड पर आधारित एक वार्म, फनी और नॉस्टैल्जिक कहानी है। यह फिल्म 90 के दशक के गोवा की बैकग्राउंड पर बनी एक पारिवारिक और हास्य से भरपूर ड्रामा फिल्म है। फिल्म में सात साल के बच्चे थॉमस (हृदांश पारेख) की एक मासूम इच्छा दिखाई गई है, जो एक छोटा भाई पाना चाहता है। इस चक्कर में वह अपने माता-पिता (रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया) को करीब लाने के लिए अजीब और मजेदार हरकतें करता है, जिससे घर में हास्यप्रद स्थितियां पैदा होती हैं। फिल्म का निर्देशन कौशल ओझा ने किया है और इसे अनुराग कश्यप द्वारा निर्मित किया गया है। फिल्म का पहला गाना 'दो गुना जिंदगी' पहले ही रिलीज किया जा चुका है जिसे दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है'



उन्होंने कहा, 'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है, क्योंकि उनका माहौल बहुत शोर-शराबे वाला होता है। बच्चे धूल-मिट्टी में रहते हैं और उनमें से कई को प्रोफेशनल होने का मतलब समझ नहीं आता, इसलिए यह काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मैंने छोटे बच्चों के साथ भी काम किया है। उनके मिजाज के हिसाब से हमें एडजस्ट करना पड़ता है। कई बार आप पूरी तरह तैयार होते हैं, शॉट रेडी होता है और आप जल्दी से काम खत्म करना चाहते हैं, लेकिन उनके लिए इंतजार करना पड़ता है।'

दुनियाभर में 6 भाषाओं में दिखाई जाएगी फिल्म

ऑस्कर में भेजी गई गोंधल की 6 शहरों में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मराठी फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर के लिए चुना गया है। अब फिल्म की 6 शहरों में स्क्रीनिंग का ऐलान हुआ है, जिसके बाद इसे 6 भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज किया जाएगा। मराठी साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'गोंधल' को 99वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुना गया है। अब फिल्म के मेकर्स ने इसके एक्सक्लूसिव प्रीव्यू स्क्रीनिंग का ऐलान किया है। फिल्म की स्क्रीनिंग 9 अक्टूबर से छह शहरों में होगी। इसके बाद फिल्म को दुनियाभर में छह भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

संतोष दावखर के निर्देशन में बनी 'गोंधल' की प्रीव्यू स्क्रीनिंग मुंबई, पुणे, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु में होगी। 9 अक्टूबर से मुंबई और पुणे के चार-चार थिएटर्स में स्क्रीनिंग शुरू होगी, जिसके बाद बाकी शहरों में भी फिल्म दिखाई जाएगी। इन प्रीव्यू स्क्रीनिंग

में फिल्म को मराठी और हिंदी भाषा में दिखाया जाएगा। ऑस्कर में भेजी गई फिल्म गोंधल को 6 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा. प्रीव्यू के बाद फिल्म भारत और विदेशों में मराठी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी. हालांकि, फिल्म की दुनियाभर में रिलीज की तारीख का अभी ऐलान नहीं किया गया है।

दर्शकों को गोंधल से दोबारा जोड़ने का मौका

निर्देशक संतोष दावखर ने कहा कि उनके लिए ये प्रीव्यू सिर्फ फिल्म की शुरुआती स्क्रीनिंग नहीं हैं, बल्कि दर्शकों को 'गोंधल' से दोबारा जोड़ने का मौका हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म महाराष्ट्र की सांस्कृतिक मिट्टी से निकली कहानी है और इसकी आवाज, माहौल और विजुअल दुनिया को थिएटर में सामूहिक रूप से अनुभव करना जरूरी है। भारत की ओर से ऑस्कर में प्रतिनिधित्व करने के बाद दर्शकों के सामने फिल्म लाना उनके लिए खास मायने रखता है।

क्या है गोंधल की कहानी?

फिल्म की कहानी महाराष्ट्र की ग्रामीण संस्कृति में होने वाले पारंपरिक गोंधल अनुष्ठान की पर आधारित है। इस रस्म में संगीत, नृत्य और पौराणिक कथाओं का खास महत्व होता है। फिल्म की कहानी एक नवविवाहित जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है। आधिकारिक कहानी के मुताबिक, फिल्म में सुमन नाम की एक नई-नई शादी हुई दुल्हन की कहानी दिखाई गई है, जो घुटन भरी जिंदगी से परेशान है। वह गोंधल अनुष्ठान को लेकर अपने प्रेमी सरजेराव के जुनून का फायदा उठाती है और इस पवित्र परंपरा को एक खतरनाक खेल में बदल देती है। फिल्म में इशिता देशमुख, किशोर कदम और योगेश सोहोनी अहम भूमिकाओं में हैं।

खबर संक्षेप

पत्नी को तलाशने की पुलिस से गुहार लगाई

बहादुरगढ़। शहर की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी नहीं मिली तो परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। छोटूराम पार्क के निवासी प्रकाश थापा का कहना है कि उसकी पत्नी करीब 36 वर्षीय प्रेमा थापा घरों में झाड़ू पोंचा करती है। गत 27 सितंबर को वह शक्ति नगर स्थित एक मकान में काम करने गई थी लेकिन वापस नहीं आई। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की। तब से लेकर अब तक तमाम संभावित ठिकानों पर ढूंढ चुके हैं लेकिन कुछ पता नहीं चला। उधर, सिटी थाने से जांच अधिकारी मुकेश का कहना है कि महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

एमएसपी में बढ़ोतरी ऊंट के मुंह में जीरा : अनूप

बहादुरगढ़। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडौठी ने केंद्र सरकार द्वारा रबी फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी को ऊंट के मुंह में जीरा बताया। उन्होंने गेहूं के एमएसपी में मात्र 25 रुपये की बढ़ोतरी किसानों के साथ धोखा कह कर इसकी कड़ी आलोचना की है। किसान नेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा घोषित एमएसपी स्वामीनाथन आयोग की सी2 प्लस 50 प्रतिशत की सिफारिश पर आधारित नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार गेहूं के लिए सी2 प्लस 50 प्रतिशत दर 3300 रुपये प्रति क्विंटल से अधिक है। जबकि सरकार द्वारा घोषित गेहूं का एमएसपी 2610 रुपये प्रति क्विंटल है। यह लगभग 700 रुपये प्रति क्विंटल कम है। किसान संगठन लगातार सरकार से मांग कर रहे हैं कि वे 2014 के आम चुनाव में भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में किए गए वायदे के अनुसार ख़रीद की गारंटी के साथ एमएसपी को सी2 पर 50 प्रतिशत जोड़कर लागू करें। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को 26 अक्टूबर को नांदल भवन में होने वाली महापंचायत में जोरदार ढंग से उठाया जाएगा। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने किसानों की मांगों पर सहमति जताते हुए फसलों को एमएसपी पर नहीं खरीदा तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

नियमित सफाई के अभाव में स्मारकों के अस्तित्व पर पड़ रहा प्रभाव

महापुरुषों के नाम पर बने चौराहों पर कूड़ा, शहर की छवि धूमिल

धौड़ रोड स्थित भगवान परशुराम चौक और खेड़ी-खातीवास रोड स्थित भगत सिंह चौक के पास बना दिए हैं डंपिंग प्वाइंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। शहर के शिव चौक की दयनीय स्थिति।

शहर के विभिन्न चौक-चौराहों की हालत इन दिनों दयनीय बनी हुई है। नियमित साफ-सफाई के अभाव में कई स्मारकों के आसपास कूड़ा-कर्कट जमा है, जबकि कुछ स्थानों पर अव्यवस्थित रेहड़ियों और डंपिंग प्वाइंट के कारण इन स्मारकों के अस्तित्व व उद्देश्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। पुराना बर्फखाना रोड स्थित शिव चौक पर निर्धारित स्थान पर लोगों के होर्डिंग लगे हुए हैं, जबकि आसपास फैला कूड़ा-कर्कट देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां नियमित रूप से सफाई नहीं होती। इसी प्रकार धौड़ रोड स्थित भगवान परशुराम चौक तथा खेड़ी-खातीवास रोड स्थित भगत सिंह चौक के आसपास डंपिंग प्वाइंट बना दिए गए हैं। यहां शहरवासी ही नहीं, बल्कि नगर परिषद के कर्मचारी भी कूड़ा डालते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी महापुरुष की जयंती अथवा स्वच्छता अभियान के दौरान एनजीओ द्वारा इन स्थानों की सफाई बेशक कर दी जाती है, लेकिन नियमित रूप से सफाई कर्मचारियों द्वारा इन स्मारकों की सफाई कभी नहीं की गई।

सिटी पल्स

स्वच्छता बनाए रखना लोगों की जिम्मेदारी : राज्याण



अनिल राज्याण ने बताया कि उनकी दुकान भगवान परशुराम चौक के साथ है। लोग चौक के आसपास ही कूड़ा-कचरा डाल जाते हैं, जिससे शहर की सुंदरता प्रभावित हो रही है। स्वच्छता बनाए रखना केवल जिला प्रशासन या नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि नागरिकों की भी बराबर जिम्मेदारी बनती है। सभी लोगों को मिलकर अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे स्मारकों को स्वच्छ रखने में सहयोग करना चाहिए।

बाहरी लोगों में बनती है शहर की नकारात्मक छवि



जगदीश मदान ने कहा कि स्मारकों के आसपास पड़ा कूड़ा-कचरा शहर की सुंदरता पर ग्रहण लगा रहा है। बाहर से आने वाले लोगों और शहर से गुजरने वाले वाहन चालक जब ऐसे दृश्य देखते हैं तो उनके मन में शहर की नकारात्मक छवि बनती है। प्रशासन को इन स्थानों की नियमित सफाई के साथ-साथ कूड़ा डालने वालों पर भी कार्रवाई करनी चाहिए।

ऐतिहासिक व सामाजिक विरासत का हिस्सा हैं चौक



बलवान सरोहा ने कहा कि महापुरुषों और शहीदों के नाम पर बनाए गए चौक केवल शहर की पहचान नहीं, बल्कि हमारी ऐतिहासिक और सामाजिक विरासत का हिस्सा हैं। इन स्थानों के आसपास गंदगी जमा होना उन महापुरुषों और शहीदों के प्रति सम्मान की भावना को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद को इन चौक-चौराहों की नियमित सफाई सुनिश्चित करनी चाहिए। यदि डंपिंग प्वाइंट जरूरी है तो वहां कूड़ा डालने की व्यवस्था को व्यवस्थित किया जाना चाहिए।

विधायक ने सेक्टर-6 में जांची सड़कों की गुणवत्ता



■ गुणवत्ता में कमी मिली तो ठेकेदार के साथ अधिकारी भी होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने शुक्रवार को सेक्टर-6 में बन रही सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांचते हुए मौके पर मौजूद नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार पूरे किए जाएं। घटिया निर्माण सामग्री और लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान विधायक राजेश जून ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा बहादुरगढ़ में सड़कों और अन्य विकास कार्यों के लिए बजट उपलब्ध करवाया जा रहा है। ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करें और सरकारी धन का सही उपयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता की कमी मिलने पर संबंधित ठेकेदार के साथ जिम्मेदार अधिकारियों पर भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शहरवासी भी अपने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों पर नजर रखें और कहीं भी लापरवाही या घटिया सामग्री दिखाई देने पर विधायक कार्यालय अथवा शिकायत पोर्टल पर सूचना दें। विकास कार्यों का मुख्य उद्देश्य आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। इसलिए निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करवाएं, ताकि शहरवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बिट्टू की मौत साजिश या हादसा, जांच में जुटी पुलिस

■ स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को कराया था बिट्टू का पोस्टमार्टम

■ बीते वीरवार को नागरिक अस्पताल की निर्माणाधीन बिल्डिंग के फर्श पर पाया था शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नागरिक अस्पताल की निर्माणाधीन बिल्डिंग में मृत मिले बिट्टू के शव का शुक्रवार को स्थानीय पुलिस ने पोस्टमार्टम करा दिया। दूसरी तरफ पुलिस की टीमें मामले की तह तक जाने के प्रयास में हैं। फिलहाल मामले में स्थिति जस की तस है। फुटेज में बिट्टू के साथ दिखाई देने वाले शख्स का भी कुछ अता पता नहीं है।

दरअसल, लाइनपार के जौहरी नगर का निवासी बिट्टू बुधवार की देर शाम को घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। वीरवार की सुबह नागरिक अस्पताल की सुनसान पड़ी निर्माणाधीन बिल्डिंग के फर्श पर उसका शव पाया गया। कई मंजिल की ऊंचाई से गिरकर मौत हुई है। खुद गिरा या किसी की साजिश का शिकार हुआ, ये सवाल बना हुआ है। हालांकि पिता जसवंत के बयान पर हत्या का केस दर्ज है। बुधवार की देर शाम को नागरिक अस्पताल के कैमरे में उसके साथ एक और शख्स देखा गया है। पुलिस उस शख्स का पता लगाने की कोशिशों में जुटी है लेकिन फिलहाल कुछ सुराग नहीं लग सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी पुलिस को इंतजार है। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जल्द ही इस केस को सुलझा लिया जाएगा।

चेयरपर्सन सरोज राठी ने की चरमराई सीवर समस्या के समाधान की मांग

■ सीवर लाइन जाम होने से सड़कों पर जमा हुआ दूषित पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। एक्सईएन से सीवर समस्या को लेकर चर्चा करती चेयरपर्सन व अन्य।

शहर में चरमराई सीवर व्यवस्था के समाधान के लिए नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता अमन मोर से मुलाकात की। उन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सीवर लाइनों के जाम होने और दूषित पानी की समस्या को प्रमुखता से उठाया।

सरोज राठी ने कहा कि शहर के अधिकांश हिस्सों में सीवर की समस्या गहराई हुई है। कई जगह सीवर लाइन जाम होने के कारण दूषित पानी सड़कों और गलियों में जमा हो जाता है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी होने के साथ-साथ आसपास के वातावरण पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि लोगों की शिकायतों को देखते हुए सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए तत्काल प्रभाव से अभियान चलाने की जरूरत है। संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां सीवर सफाई का काम कराया जाना जरूरी है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से नगर परिषद के साथ समन्वय बनाकर काम करने का आग्रह किया, ताकि लोगों को सीवर संबंधी समस्याओं से जल्द राहत मिल सके। इस दौरान पार्षद संदीप दहिया, राजेश तंवर, राजेश सैनी आदि मौजूद रहे। उन्होंने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से संबंधित सीवर समस्याओं की जानकारी भी विभागीय अधिकारी को देते हुए जल्द समाधान की मांग रखी।

मामन विहार में आग का शिकार बने मवेशी

बहादुरगढ़। शहर के मामन विहार में शुक्रवार की शाम को दुखद दुर्घटना हो गई। यहां एक मवेशियों के छप्पर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से छप्पर के नीचे बंधी दो भैंस और दो गाय चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गई। आग की सूचना मिलने पर घटनास्थल के आस-पास मौजूद लोगों ने मवेशियों को बचाने के लिए अपने स्तर पर तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। सूचना पाकर दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया।

शहर के बेरी गेट क्षेत्र में डिवाइडर पर चढ़ा क्रशर से भरा ट्राला



झज्जर। शहर के बेरी गेट क्षेत्र में शुक्रवार अलसुबह क्रशर से भरा एक ट्राला अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। सुबह जब लोगों ने ट्राले को देखा तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। गनीमत यह रही कि इस घटना में डिवाइडर पर लगी ग्रिल व एक बिजली पोल क्षतिग्रस्त होने के अलावा किसी प्रकार के जान व माल की हानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार, सुबह करीब तीन से चार बजे के बीच हुई यह घटना चालक को झपकी आने के कारण हुई है। घटना के बाद जहां ट्राला चालक मौके से भाग निकला वहीं क्लीनर ट्राले के अंदर ही सो रहा था। इस घटना के बाद शहर के भीतर ओवरलोड वाहनों की आवाजाही को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि शहर के व्यस्त मार्गों से लगातार भारी वाहन गुजरते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। शुक्रवार दोपहर बाद संबंधित ट्राला मालिक द्वारा क्रेन की सहायता से ट्राले को निकाल लिया गया था।

सूचना

मैं, रीना पत्नी श्री प्रवीण अहलावत निवासी 137/13-ए, आर्य नगर, बालौर रोड, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरे लड़के का नाम अरमान अहलावत है। उसकी जन्म तिथि 17 दिसंबर 2010 है और वह वर्तमान में कक्षा 10वीं में पढ़ाई कर रहा है। मेरे लड़के अरमान अहलावत का स्कूल में दाखिला करवाते समय किसी कारणवश स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम सौम्या दर्ज हो गया था। जबकि मेरा सही नाम रीना है। मेरे सभी सरकारी/आधिकारिक दस्तावेजों में मेरा नाम रीना दर्ज है, जो सही एवं दुरुस्त है। अतः अब मैं अपने लड़के अरमान अहलावत के स्कूल रिकॉर्ड में अपना सही नाम रीना दर्ज करवाना चाहती हूं।

COURT NOTICE

In the court of Sh. Abhinav Siwach, IAS, Collector, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar Hoshiar Versus Ramchander etc. 1. Ramchander, 2. Badam Singh S/o Ratan Singh S/o Lakhiram, 3. Ratan S/o Lakhi Ram (Now deceased through legal heirs) 3(i) Ram Chander, 3(ii) Badam Singh Ss/o Ratan Singh S/o Lakhiram, 3(iii) Suresh D/o Ratan Singh S/o Lakhiram, 3(iv) Deepak S/o Santra D/o Ratan Singh, 3(v) Jyoti, 3(vi) Pooja Ds/o Santra D/o Ratan Singh, 5. Ram Kishan (Deceased) S/o Deshram through legal heirs., 4(A) Rampyari W/o Ram Kishan (Now Deceased) Both 4, 4(A) impleaded through legal heirs 4(AI) to 4(AIV), 4(AI) Mahvir Singh, 4(AII) Jaibir, 4(AIII) Jagbir Ss/o Rampyari Wd/o Ram Kishan, 4(AIV) Ompati D/o Ram Pyari Wd/o Ram Kishan, 5. Balwan Singh S/o Deshram S/o Jeet Ram, 6. Arun, 7. Nitin Ss/o Surender S/o Prakash, 8. Sushila, 9. Sudesh, 10. Geeta Ds/o Prakash S/o Deshram 11. Dharambir S/o Karan Singh S/o Lakhiram, 12. Savita Wd/o Surender S/o Prakash, 13. Bimal Devi Wd/o Randhir S/o Deshram, 14. Neelam D/o Randhir S/o Deshram, 15. Bijender, 16. Virender, Ss/o Randhir S/o Deshram 17. Surender (Deceased) S/o Randhir (Through Legal Heirs) 17(1) Avani adopted (Minor), D/o Bijender through mother Preeti Wd/o Bijender 18. Parmod S/o Shri Bhagwan S/o Amrit, 19. Shanti (Deceased), Wd/o Amrit through Legal heirs which are already respondent No. 18 and 20. Jaibhagwan S/o Amrit S/o Jeetram, 21.Shanti (Deceased), Wd/o Ram Singh S/o Mauji through Legal heirs already respondent No. 22 and 31, 22. Premo D/o Ram Singh (Now deceased through legal heirs), 22(1) Bhupender S/o Premo D/o Ram Singh, 22(II) Muni, 22(III) Meena, 22(IV) Santy, Ds/o Premo D/o Ram Singh, 22(V) Arun S/o Seema D/o Premo, 22(VI) Muni D/o Seema D/o Premo, 23. Koko Devi, 24. Kapuri Devi, 25. Kamla Devi, 26. Bhateri, Ds/o Ram Singh S/o Mauji, 27. Jagphool S/o Ram Singh (Now deceased through legal heirs), 27(1) Parmeshwari W/o Jagphool, 27(II) Satish, 27(III) Satpal Ss/o Jagphool S/o Ram Singh, 27(IV) Santosh, D/o Jagphool, S/o Ram Singh, 28. Kapur (Deceased) S/o Ram Singh through Legal Heirs, 28(1) Bhim Singh, S/o Kapur Singh S/o Ram Singh, 28(II) Babita, 28(III) Reena, 28(IV)Ravina Ds/o Kapur Singh S/o Ram Singh, 29. Samer Singh, 30. Ranbir Singh, 31.Ajab Singh Ss/o Ram Singh S/o Mauji, 32. Ramawatar S/o Gyani Ram, 33. Kundan, 34. Satpal Ss/o Ramji Lal. 35. Sundar Singh S/o Dataram, 36. Paras Prasad S/o Mansha Ram, 37. Damodar Prasad S/o Mansha Ram, 38. Thakur Singh S/o Magho Singh, 39. Ranbir S/o Gyani Ram, 40. Kailash Rawat S/o Vishal Rawat, 41. Ramawatar S/o Shishu Dass, 42. Joginder Dass S/o Mishri Dass, 43. Dharamvir S/o Karan Singh 44. Bharat Singh S/o Paras Ram, 45. Ved Prakash S/o Surat Singh, 46. Raj Kumar S/o Jagdish Chander, 47. Shyam S/o Amar Nath, 48. CCNP Aggarwal, 49. Bina Devi W/o Kundan Singh, 50. Kundan Singh S/o Sh. A S Singh, 51. Maya Devi, W/o Kishori Lal, 52. Surender Singh, S/o Dattan Singh, 53. Ashok Kumar S/o Murari Lal, 54. Modi W/o Alok Nath, 55. Shiradass W/o Jiwas, All R/o Village Isherheri, Teh. Bahadurgarh, Distt. Jhajjar Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfaction of this court that above named respondents are avoiding service of summons and cannot be served in the ordinary manner, therefore this publication is issued against the respondents name above to appear before this court on 06.11.2026 personally or through their counsel or failing which exparte proceedings shall be taken against them. Given under my hand and the seal of the court.

Sh. Abhinav Siwach, IAS, Collector, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar



नई दिल्ली में हुआ अखिल भारतीय किसान संघ से जुड़ी महिलाओं का सम्मेलन

बहादुरगढ़। अखिल भारतीय किसान संघ की महिला कार्यकर्ताओं का सम्मेलन दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित किया गया। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश छिकारा ने बताया कि हरियाणा से भी सैकड़ों महिलाएं इस कार्यक्रम में प्रदेश की पारंपरिक वेशभूषा में हरियाणवी गीत गाते हुई पहुंची। सभी प्रदेशों से आई प्रदेश महिला संयोजिकाओं ने कृषि से संबंधित अपने अपने अनुभव साझा किए। महिलाओं को संगठन से जोड़ने और दस महिलाओं को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। महिलाओं को कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित भी किया गया। हरियाणा से 4 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इनमें महेंद्रगढ़ से बनारसी देवी, झज्जर से नीलम आर्य व मधु शामिल रही। कार्यक्रम में अखिल भारतीय पालक अधिकारी रामलाल, अध्यक्ष साईं रेड्डी, महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र, संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी और महिला संयोजिका मंजू दीक्षित ने महिलाओं को संबोधित किया।

रेलवे पुलिस ने स्टेशन परिसर में लोगों को साइबर क्राइम पर किया जागरूक

बहादुरगढ़। राजकीय रेलवे पुलिस की ओर से शुक्रवार को रेलवे स्टेशन परिसर व आसपास जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए बचाव के तरीके सुझाए गए। साइबर हेल्पलाइन के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। एसएचओ राजपाल सिंह की अगुवाई में चली इस मुहिम में एएसआई उर्मिला, राजेश मुदगिल, प्रताप सिंह आदि शामिल थे। एसएचओ ने कहा कि आजकल साइबर ठगी के मामले बढ़ रहे हैं। इसकी बड़ी वजह लोभ और जागरूकता की कमी है। इंटरनेट चलाते वक्त या ऑनलाइन शापिंग करते वक्त साइट की विश्वसनीयता का ख्याल रखें। प्रलोभन देती पोस्ट, मैसेज पर आंख बंद करके भरोसा न करें। मोबाइल पर अंजान नंबरों से आई एपीके फाइल डाउनलोड न करें और न ही किसी किसी के कहने पर शेयर आदि के निवेश के नाम पर झांसे में आएं। जागरूकता से ही ऐसी वारदातों से बचा जा सकता है।





पितृपक्ष पर गार्डियन ऑफ एंजेल्स ट्रस्ट ने श्री बाल गोपाल गोशाला में कराया हवन और भंडारा

बहादुरगढ़। पितृपक्ष के अवसर पर गार्डियन ऑफ एंजेल्स ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार को नया गांव-सोलधा बाईपास स्थित श्री बाल गोपाल गोवंश एवं जीव उपचार केंद्र के परिसर में हवन, गोमाता पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पितरों के प्रति श्रद्धा अर्पित करने के साथ-साथ गोमाता के प्रति सम्मान और जीवों की सेवा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन के साथ हुई। इसके बाद गोमाता का पूजन किया गया। गोसेवा के महत्व पर जोर देते हुए जीवों के प्रति दया, करुणा और संवेदनशीलता का भाव अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ट्रस्ट संचालक हरिकिशन मंगले, प्रदीप तंवर, सत्यवान, देवेंद्र दहिया, नरेश, डॉ दिनेश, अमरदीप, विक्रांत, राघव, अशोक, राकेश, जगदीश, पवन, प्रवीण, प्रमोद आदि जीव प्रेमियों ने गौपूजन किया।

उखलचना में इंडोर जिम शुरू, मिलेंगी सुविधाएं

झज्जर। आधुनिक जीवनशैली, शारीरिक गतिविधियों में कमी तथा स्वास्थ्य संबंधी बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए गांव स्तर पर बेहतर खेल एवं फिटनेस सुविधाओं का होना बेहद जरूरी है। इसी दिशा में सरकार द्वारा गांव उखलचना (कोट) में आधुनिक इंडोर जिम की स्थापना की गई है।



इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपने ही गांव में सुविधाजनक एवं बेहतर वातावरण में व्यायाम तथा फिटनेस की सुविधा उपलब्ध करवाना है। सीईओ जिप मनीष फौगाट ने बताया कि युवा अपनी दैनिक दिनचर्या में व्यायाम को शामिल कर रहे हैं तथा शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय बन रहे हैं।

पुलिस लाइन परिसर में हुई पदोन्नति परीक्षा, जवानों की जांची दक्षता

बी-वन परीक्षा उत्तीर्ण पुलिसकर्मियों ने दी परेड और वेपन हैंडलिंग की परीक्षा

वेपन हैंडलिंग के दौरान हथियारों को सुरक्षित खोलने, जोड़ने व उनके सुरक्षित संचालन और रखरखाव प्रक्रिया का किया मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। परेड एवं वेपन हैंडलिंग परीक्षा देते हुए देते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

पुलिस कमिश्नरेट झज्जर में सिपाही से मुख्य सिपाही के पद पर पदोन्नति के लिए आयोजित विभागीय बी-वन परीक्षा के सफल पुलिसकर्मियों के लिए शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में परेड एवं वेपन हैंडलिंग की परीक्षा आयोजित की गई।

परेड एवं वेपन हैंडलिंग परीक्षा के दौरान कमेटी के चेयरमैन नितीश अग्रवाल डीसीपी क्राइम गुरुग्राम, डीसीपी मुख्यालय झज्जर फैसल खान, एएसपी रोहतक वैशाख बागी तथा एसीपी शमशेर सिंह, एसीपी क्राइम ने उपस्थित रहकर परीक्षा एवं प्रशिक्षण संबंधी गतिविधियों का निरीक्षण किया। अधिकारियों द्वारा पुलिसकर्मियों की परेड, अनुशासन, शारीरिक दक्षता तथा हथियारों के सुरक्षित संचालन संबंधी दक्षता का निरीक्षण किया गया। वेपन हैंडलिंग के दौरान हथियारों को सुरक्षित खोलने, जोड़ने व उनके सुरक्षित संचालन एवं रखरखाव संबंधी प्रक्रियाओं का मूल्यांकन किया गया।



जिलेभर में रिफॉर्म उत्सव के तहत ग्राम सभाओं में हुई ग्रामीण विकास पर चर्चा

झज्जर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर रिफॉर्म उत्सव का आगाज हुआ। क्षेत्र के गांव गिरावड़ में आयोजित ग्राम सभा में डीसी वर्षा खांगवाल और ग्रामीण विकास मंत्रालय के निदेशक श्याम कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। डीसी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए गांव के विकास, स्वच्छता, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, जन सुविधाओं तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा गांव के विकास की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ग्रामीणों की सहभागिता से तय करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण ग्राम सभा में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए गांव के विकास से जुड़े विषयों पर अपने सुझाव एवं विचार रखें, ताकि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को गति दी जा सके।

राष्ट्रपिता के सत्य और अहिंसा के विचारों के प्रति लोगों को किया जागरूक

गांधी जयंती पर रैली निकाल विद्यार्थियों ने नागरिकों को दिया स्वच्छता का संदेश

सफाई संबंधी नारे लिखीं तख्तियां लेकर विद्यार्थियों ने लोगों से की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। जागरुकता रैली निकालते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

किड्ज शैशव ग्रुप ऑफ स्कूल, मोंटेसरी विंग एवं तिरंग इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेशों को अपने विचारों के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यालय की ओर से स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। हाथों में स्वच्छता संबंधी संदेश लिखी तख्तियां लेकर विद्यार्थियों ने लोगों को स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत का संदेश दिया।

इस दौरान कोच आशीष ने बताया कि हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में संस्थान के छात्र हिमांक ने 38 से 40 किलोग्राम भार वर्ग तथा रुद्र ने 44 से 46 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों खिलाड़ियों का चयन अब राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हुआ है। इसके अलावा जिला स्तरीय वुशु चैंपियनशिप में सौरभ ने गोल्ड मेडल, नैतिक, साहिल, रितिक व युग ने सिल्वर व गर्व व कीर्तिमान ने ब्रांज मेडल जीता। इसमें सौरभ का चयन राज्य स्तरीय वुशु चैंपियनशिप के लिए हुआ है। विद्यालय की डायरेक्टर उषा गहलोत ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जल अर्पण दिवस मनाया



झज्जर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जिले की 11 ग्राम पंचायतों में जल अर्पण दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए। क्षेत्र के गांव गिरावड़ में जहां ग्राम सभा के रूप में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया वहीं अन्य 139 ग्राम पंचायतों में भी ग्राम सभा के माध्यम से जल अर्पण से संबंधित गतिविधियां आयोजित की गईं। जिला कंसलटेंट श्याम अहलावत ने जल जीवन मिशन तथा हरियाणा सरकार की सामुदायिक सहभागिता जल योजना संचालन एवं रखरखाव नीति-2026 बारे विस्तृत जानकारी दी। बीआरसी मीनू वत्स ने दरियापुर, खेड़का गुर्जर व खेड़ी जट्ट, बीआरसी प्रमिला ने सिलाना व कलोई, बीआरसी सरला ने आजाद नगर, बीआरसी दिनेश कुमार ने सुबाना व बिठला, बीआरसी सुनील ने डाबोदा खुर्द तथा जेई प्रवीन कुमार ने महाराना गांव में जल अर्पण कार्यक्रम कराया।



झज्जर। महात्मा गांधी और शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते रमेश गुलिया एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

शिक्षक और अभिभावक बच्चों के भविष्य के नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एच डी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर अभिभावक-अध्यापक मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 1754 अभिभावकों ने अपने बच्चों की सितंबर माह परीक्षा की शैक्षणिक रिपोर्ट के बारे में विस्तृत जानकारी करते हुए अध्यापकों से खुलकर संवाद किया। सर्वप्रथम एच डी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा, हेमंम गुलिया, प्राचार्या प्रीति राठी ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर निदेशक रमेश गुलिया ने अभिभावकों की मीटिंग लेते हुए कहा कि आज के समय में बच्चों को केवल किताबी ज्ञान देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें अच्छे संस्कार, जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों से जोड़ना आवश्यक है। विद्यालय और परिवार दोनों का एक ही लक्ष्य होता है कि बच्चे का उज्ज्वल भविष्य। शिक्षक और अभिभावक बच्चे के भविष्य की मजबूत नींव हैं। इन दोनों के सहयोग से ही बच्चे का सर्वांगीण विकास संभव है।



फाउंडेशन स्कूल में मनाई गांधी जयंती

बहादुरगढ़। फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई। समारोह का शुभारंभ स्कूल निदेशक हर्षदीप राठी और प्रिंसिपल मोनिका राठी ने किया। दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा अनेक रंगीन प्रस्तुतियां दी गई। बच्चों ने गांधी जी के जीवन के बारे से अवगत कराया। अपनी कविताओं के माध्यम से समझाया कि गांधी जी अहिंसा के प्रतीक थे। प्राचार्य मोनिका राठी ने बच्चों की सराहना करते हुए शाबाशी दी। उन्होंने छात्रों को गांधी जी के प्रेरणादायक विचारों से अवगत कराया। अहिंसा का पालन करने और हमेशा सत्य का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित किया। हर्षदीप राठी ने कहा कि नैतिक मूल्यों पर अपनाकर जीवन में सफलता अवश्य मिलती है।

एमडीएस स्कूल में 240 ने करवाई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। एमडीएस स्कूल में स्वास्थ्य जांच करवाते ग्रामीण।फोटो :

महात्मा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर शुक्रवार को गांव जसौरखेड़ी स्थित एमडीएस शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में 240 लोगों को जांच के बाद सलाह के साथ दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गई।

कैंप में जसौर खेड़ी के साथ ही लोहार हेड़ी, कुलासी, निलोठी और दहकोरा आदि के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। रोहतक के नोबेल हेल्थ सिटी हॉस्पिटल और खरखोदा के होशियार सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल की तरफ से लोगों की ईएनटी के साथ शुगर, बीपी, थायराइड, डेंगू व टाइफाइड आदि की जांच की गई। आवश्यकता अनुसार मरीजों की ईसीजी भी की गई। डॉ. सुमित डागर, डॉ. स्नेहा रशीद के साथ ही टीम में शामिल नीरज, सोनिया काद्यान, अंजना, साहिल और दीपक कुमार ने भी जांच शिविर में अपना पूरा योगदान दिया। अशोक कुमार ने भी कैंप के आयोजन में अहम सहयोग दिया। स्कूल डायरेक्टर कविता देशवाल ने धन्यवाद किया।

राष्ट्रपिता व पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि



बहादुरगढ़। गुभाना के लोकहित पुस्तकालय में समिति के सदस्यों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। समिति अध्यक्ष नरेश कौशिक ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पहलवान रामकुमार, रामनिवास, सतबीर सिंह, जगमोहन, सुदेश कौशिक, दीपक व फूल कुमार आदि मौजूद रहे।

गांधी और शास्त्री को किया याद

बहादुरगढ़। राम शांति एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा वार्ड नंबर-8 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। समिति प्रधान अशोक कुमार गुभानिया ने उपस्थित लोगों को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर राजेश बामनिया, धर्मवीर ग्रेवाल, रामस्वार्थ विजय सिंह, राजेंद्र सिंह, हंसराज रंगा, करण सिंह, राजेश मोखरा, धर्मवीर ग्रेवाल, रामस्वार्थ यादव, प्रवीण कौशिक, राजेश बामनिया, संजय जोवल, अशोक कुमार, संतोष देवी आदि मौजूद रहे।



पौधे लगा पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

झज्जर। शुक्रवार को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में मदाना गांव में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्यकर्मी आनंद कुमार ने कहा कि आजकल पेड़ों की कमी के कारण मनुष्य को स्वच्छ हवा नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण आमजन को अनेक बीमारियों का सामना करना पड़ता है। स्वच्छ हवा न मिलने से सांस, खांसी, जुकाम आदि से संबंधित बीमारियों की आशंका रहती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा लगाने व उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर राकेश कुमार, राजू, शीला देवी, रामरती, गुड्डी देवी, नौरंगी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



कल के कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी में जुटे कांग्रेसी

बहादुरगढ़। शहर के रॉयल सेलिब्रेशन में रविवार 4 अक्टूबर को होने वाले ब्लॉक कांग्रेस सम्मेलन की तैयारियों को लेकर पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली और उन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी।

सम्मेलन में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी संजय दत्त, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि बहादुरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस का यह सम्मेलन संगठन को मजबूत करने की दिशा देगा। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। सम्मेलन में प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को मिलेगा। जून ने कार्यकर्ताओं को सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी। प्रत्येक कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा के साथ निभाए।

इंडो-अमेरिकन स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक व धार्मिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

इंडो-अमेरिकन स्कूल के विद्यार्थियों ने रोहतक का शैक्षणिक एवं धार्मिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने चिड़ियाघर, तिलियार झील और बाबा मस्तनाथ मंदिर का भ्रमण किया। चिड़ियाघर में विद्यार्थियों ने विभिन्न पशु-पक्षियों के रहन-सहन, खान-पान और प्राकृतिक आवास बारे जानकारी प्राप्त की तथा वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन का महत्व जाना। इसके बाद उन्होंने तिलियार झील की प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली का आनंद लिया। शिक्षकों ने उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। भ्रमण के अंतिम चरण में विद्यार्थियों ने बाबा मस्तनाथ मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की और मंदिर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता बारे जानकारी प्राप्त की। विद्यालय निदेशक बिजेंद्र कादियान ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा को पुस्तकों तक सीमित न रखकर उन्हें व्यावहारिक अनुभव देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को प्रकृति, संस्कृति, पर्यावरण और धार्मिक स्थलों से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराने में सहायक होते हैं।

शैक्षणिक भ्रमण में विज्ञान, प्रकृति व संस्कृति से रूबरू हुए विद्यार्थी

झज्जर। संस्कारम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की ओर से विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय शैक्षणिक एवं ज्ञानवर्धक भ्रमण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कक्षा आधारित शिक्षा से आगे बढ़कर विज्ञान, प्रकृति, संस्कृति एवं आध्यात्मिकता से जुड़े विभिन्न पहलुओं को करीब से समझने का अवसर मिला। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने नैनीताल स्थित कैंची धाम का दौरा कर इसके ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व की जानकारी ली और नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता, स्थानीय संस्कृति एवं पर्वतीय परिवेश को भी करीब से देखा। विद्यार्थियों ने आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशनल साइंसेज का भ्रमण किया। यहां उन्हें वैज्ञानिक अनुसंधान, आधुनिक उपकरणों, तकनीकों एवं खगोल विज्ञान से संबंधित जानकारी दी गई। वैज्ञानिक प्रोफेसर डॉक्टर विजेंद्र यादव ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए एयरोनॉटिकल विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के विभिन्न पहलुओं के साथ उच्च शिक्षा, अनुसंधान एवं करियर संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर निशांत जाखड़ ने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उनकी सोच को व्यापक बनाते हैं।



न्यूज डायरी



डॉ. कमल बत्रा को मिला एक्सीलेंस अवॉर्ड

बहादुरगढ़। दसाना फाउंडेशन की ओर से आयोजित 5वें दसाना ईआई समिट में बहादुरगढ़ के प्रतिष्ठित दंत चिकित्सक डॉ. कमल बत्रा को एक्सीलेंस इन क्लिनिकल डेंटिस्ट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और मरीजों की बेहतर देखभाल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए प्रदान किया गया। समिट के दौरान एंडोडॉन्टिक्स, इम्प्लांटोलॉजी और डिजिटल डेंटिस्ट्री से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। इस दौरान डेंटल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स के माध्यम से दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। डॉ. कमल बत्रा ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि निरंतर सीखने, बारीकी से काम करने और मरीजों की देखभाल के बेहतर मानक बनाए रखने की प्रतिबद्धता का परिणाम है। इस अवसर पर डॉ सोनिया बतरा व उनकी टीम के सदस्य भी मौजूद रहे।



डीडीआर प्रोमो रन में दौड़े बीएफजी के धावक

बहादुरगढ़। दिल्ली द्वारका डीडीआर के चौथे संस्करण की प्रोमो रन में बहादुरगढ़ फिटनेस ग्रुप के 15 धावकों ने हिस्सा लिया। पांच किलोमीटर की दौड़ में सभी धावकों ने पूरे उत्साह के साथ दौड़ लगाते हुए रन सफलतापूर्वक पूरी की। प्रोमो रन में सतीश देशवाल, विजेंदर मलिक, राकेश कुमार, सोनू दहिया, सुनील धनखड़, अनिल छिल्लर, माखन सिंह, जितेंद्र, पीयूष, मोंटी मलिक, हर्ष, दीक्षांत दहिया, यश दहिया, दीपक शर्मा और ग्रुप एडमिन नरेंद्र कुमार शामिल रहे। ग्रुप के सदस्यों ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य लोगों को फिटनेस, नियमित व्यायाम और दौड़ के प्रति प्रेरित करना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रेवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295154800, 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन का आधार : डॉ. राजवंती

पोस्टर व स्लोगन से स्वच्छता की अपील

पोस्टर मेकिंग में अदिति शर्मा व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में अनसुया को पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। पोस्टर व स्लोगन दिखाती वैश्य कॉलेज की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में सांस्कृतिक व पाठ्यतर गतिविधि प्रकोष्ठ के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा विषय पर पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने अपनी कलाकृतियों के माध्यम से स्वच्छ वातावरण, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अदिति शर्मा ने प्रथम स्थान, नीरू ने द्वितीय तथा तन्नू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में अनसुया ने प्रथम स्थान, प्रिया ने द्वितीय तथा तन्नू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने जीवन में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन का आधार है और समाज को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहने के साथ-साथ अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक एवं पाठ्यतर गतिविधि प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. मंजीत ने छात्राओं को सकारात्मक सोच के साथ अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। उन्होंने छात्राओं से स्वच्छता के संदेश को अपने व्यवहार में अपनाने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। सह-प्रभारी अनीता ग्रेवाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। निर्णायक मंडल में डॉ. सुजाता वर्मा, वंदना व डॉ. कुसुम शामिल रहे।



गर्भवती महिलाओं के लिए संतुलित आहार जरूरी

झज्जर। शुक्रवार को सेवा संकल्प अभियान के आंगन मिलन सेवा मॉड्यूल के थीम पर खंड मातनहेल और साल्हावास में आंगनवाड़ी केंद्रों पर तीन दिवसीय कार्यक्रमों के दूसरे दिन पेंटिंग, रंगोली, स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। डीपीओ नेहा दहिया ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों के लाभार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें बच्चों के उचित पोषण, वृद्धि एवं विकास तथा स्वस्थ जीवन शैली के महत्व के बारे में जागरूक किया। वहीं गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार के संबंध में भी जानकारी दी गई।